**समय-2:30 घंटा** **केन्द्रीय विद्यालय संगठन , वाराणसी संभाग**

**संकलित परीक्षा - 2 (2014-15)**

**कक्षा- छठीं (VI)** **पूर्णांक- 60**

**विषय - हिन्दी**

**निर्देश-** इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं- क , ख , ग, घ

चारों खण्ड के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

यथासम्भव प्रत्येक खखण्ड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**(खण्ड- क)**

प्रश्न-1 निम्नलिखिति अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों मे से सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5

कार्य कुशलता का पहला अंग तो यह है कि हम अपने कार्य को यथासम्भव अच्छी तरह जानें। हम में से अधिकतर लोग कार्य उठा तो लेते हैं पर उसे अच्छी तरह जानते नहीं और न जानने का यत्न भी करते हैं। जब सफलता नहीं मिलती तो अपने को दोष न देकर दूसरों। को दोष देते हैं और बार- बार कार्य बदलते हुए संताप में जीवन जीते हैं । छोटे-बड़े सभी कार्यों मे यह देखा जाता है हम लोंगों में से अधिकतर लोग जो काम करते हैं , उसमें पूरे तौर से योग्यता और निपुणता प्राप्त करने का यत्न नहीं करते। इसी से हमारा काम पूरा नहीं होता और हमारे हाथ से सब काम निकल जाता है। दूसरे लोग उसी काम को ज्यादा अच्छी तरह करते हैं और हम स्वयं उनके काम को अपने काम से ज्यादा पसंद करने लगते है। यदि हम काम के एक-एक अंग को अच्छी तरह समझें और उसमें प्रवीणता प्राप्त कर लें , तो हम अपनी और अपने काम दोनों की वृद्धि और उन्नति कर सकते हैं।

1 कार्य कुशलता के लिए क्या आवश्यक है?

क- कम समय में कार्य पूरा करना
ख- कार्य को यथासंभव अच्छी तरह समझना
ग- परिश्रम पूर्वक कार्य करना
घ- आसान काम को पहले करना

2 असफल होने पर लोग क्या करते हैं ?

क- कार्य को छोड़ देते हैं
ख- निराश होकर आत्महत्या कर लेते हैं
ग- बहाना बनाने लगते हैं
घ- दूसरों पर दोष लगाते हैं

3 मनुष्य उन्नति कैसे कर सकता है?

क- बड़े काम करके
ख- पहले छोटे और फिर बड़े कार्य करके
ग- जल्दी- जल्दी कार्य निपटाकर
घ- समझदारी और निपुणता से कार्य करके

4 प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक निम्न में से कौन सा है?

क- मानव सफ़लता
ख- कार्य कुशलता
ग- कार्य की महानता
घ- परिश्रम का महत्त्व

5 'निपुणता' का विलोम शब्द होगा-

क- मूर्खता
ख- प्रवीणता
ग- कुशलता
घ- योग्यता

प्रश्न-2 अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों मे से सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5

कहती है सारी दुनिया जिसे किस्मत
नाम है उसका हकीक़त में मेहनत
जो रचते हैं, खुद अपनी किस्मत, वे कहे जाते हैं साहसी
जो करते हैं, ईश्वर से शिकायत, वे कहे जाते हैं आलसी।
जो रुक गया मिट गया उसका नामों-निशाँ
जो चलता रहा, अपनी मन्जिल वो पा गया
खुशी के हकदार हैं वही, जिन्होंने दुःख को सहा
छोड़ के दामन फूलों का, काँटों की राह को चुना।
निराशा का अंधकार मिटाकर, आशा के दीप जलाओ
छोड़ भाग्य की दुहाई, अपनी किस्मत स्वयं बनाओ

1 कविता में किस्मत किसे कहा गया है?

क- रहमत
ख- सहमत
ग- मेहनत
घ- हिमाकत

2 अपनी किस्मत रचने वालों को कवि कहता है?

क- रचयिता
ख- मेहनती
ग- आलसी
घ- साहसी

3 कवि किसका अन्धकार मिटाना चाहता है?

क- आशा का
ख- भाषा का
ग- निराशा का
घ- धर्म का

4 व्यक्ति की किस्मत किसे छोड़ने के बाद बनती है?

क- भाग्य की दुहाई

ख- धर्म की दुहाई

ग- कर्म की दुहाई

घ- भाषा की दुहाई

5 सच्ची खुशी किसे मिलनी चाहिए?

क- दुख सहने वाले को

ख- दुःख देने वाले को

ग- सुख लेने वाले को

घ- निर्लिप्त रहने वाले को

**(खण्ड- ख) पाठ्य पुस्तक पर आधारित**

प्रश्न-3 निम्नलिखिति गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1X5=5

कभी-कभी मेरा दिल इन सब चीज़ों को देखने के लिये मचल उठता है। अगर मुझे इन चीज़ों को सिर्फ़ छूने भर से इत्नी खुशी मिलती है, तो उनकी सुंदरता देखकर तो मेरा मन मुग्ध ही हो जाएगा। परंतु जिन लोगों की आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं। इस दुनिया के अलग-अलग सुन्दर रंग उनकी संवेदना को नहीं छूते। मनुष्य अपनी क्षमताओं की कभी कदर नहीं करता। वह हमेशा उस चीज़ की आशा लगाए रहता है, जो उसके पास नहीं है। यह कितने दुःख की बात है कि दृष्टि के आशीर्वाद को लोग एक साधारण-सी चीज समझते हैं। जबकि इस नियामत से जिंदगी को खुशियों के इंद्रधनुषी रंगों से हरा-भरा किया जा सकता है।

1- लेखिका का मन इन चीजों को देखने के लिए मचलता है परन्तु वह क्यों नहीं देखती?
   I. उस पर देखने का प्रतिबंध है
   II. वह घर में ही रहती है
   III. वह नेत्रहीन है
   IV. वह दूरबीन से ही देख सकती है
2- आँखों वाले लोग बहुत कम क्यों देख पाते हैं?
   I. क्योंकि वह देखकर भी नहीं देखते
   II. उन्हें दिखाई नहीं देता
   III. वे अपने को सर्वज्ञ समझते हैं
   IV. वे अंतर्यामी नहीं हैं
3- हमारे लिए सबसे बड़ी नियामत क्या है?
   I. हमारे पास धन का होना
   II. हमारे पास शिक्षा का होना
   III. हमारे पास सुख-सुविधा के साधन होना
   IV. हमारे पास आँखों का होना
4- अलग-अलग सुन्दर रंग किसकी संवेदना को नहीं छू सकते?
   I. नेत्रहीन लोगों की
   II. नासमझ लोगों की

III. आँखों वाले लोगों की
IV. कठोर हृदय वालों की

5- 'इंद्रधनुष' संज्ञा शब्द है, विशेषण बनाने के लिए निम्न में से क्या जोड़ेंगे -

I. ई
II. इ
III. षी
IV. इन्द्र

प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिये। 2X3=6

क- नागराजन के अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की क्या दशा हुई?
ख- प्रकृति का जादू किसे कहा गया है?
ग- आश्रम में कॅालेज के छात्रों से गांधी जी ने कौन-सा काम करवाया और क्यों?

प्रश्न-5 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1X5=5

पुर तें निकसी रघुबीर-बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकी भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै॥
फिरि बूझति हैं 'चलनू अब केतिक, पर्नकुटी करि हौं कित ह्वै ?।
तिय की लाखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारू चलीं जल च्वै॥

1. कवि और कविता का नाम लिखिए।
2. नगर से निकलते ही सीता की क्या हालत हो गई?
3. सीता ने राम से क्या पूछा?
4. राम की आँखों से आँसू क्यों बहने लगे?
5. 'पुर' और 'आतुरता' शब्द के अर्थ लिखिए?

प्रश्न-6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिये। 2 x 3 = 6

(क) लक्ष्मी बाई के प्रिय खेल क्या-क्या थे ?
(ख) 'मैं सबसे छोटी होॐ' कविता में बच्ची बड़ी क्यों नहीं होना चाहती ?
(ग) राम बैठ कर देर तक कांटे क्यों निकालते रहे ?

## बाल राम कथा

**प्रश्न-7** (क) सीता के आभूषण किसने उठाए? 1

1. वानरों ने
2. विभीषण ने
3. अंगद ने
4. सुग्रीव ने

(ख) वानरराज सुग्रीव का मूल निवास कहाँ था? 1

1. किष्किंधा
2. ऋष्यमूक
3. अरावली
4. पंपा सरोवर

(ग) रावण किस वेश में सीता के सामने गया? 2

**प्रश्न 8** कबंध कौन था? उसके विषय में संक्षेप में लिखिए 4

**(खण्ड- ग)**

**प्रश्न- 9 (क)** निम्नलिखित शब्द मिलते-जुलते हैं, पर उनके अर्थ भिन्न हैं। वाक्य बनाकर उनका अर्थ स्पष्ट करें- 1X 2= 2

अवधि - अवधी

दिन - दीन

(ख) निम्नलिखित शब्दों में 'ईला' प्रत्यय लगाकर विशेषण बनाओ और इनके साथ उपयुक्त संज्ञाएँ लिखो। 1X2=2

पत्थर

काँटा

प्रश्न- 10 (क) दिन-रात शब्द में दिन रात का विलोम है। ऐसे विलोम शब्द के दो (2) जोड़े लिखिए। 2

(ख) - 'गीत' में लोक शब्द जोड़ने पर बनेगा- 1

I. लोकगीत
II. लोकागीत
III. गीतलोक
IV. गीतालोक

(ग) व्याकरण की दृष्टि से 'पतीला' शब्द है- 1

I. विशेषण
II. क्रिया
III. स्त्रीलिंग
IV. पुलिंग

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखो। 2

I. नुकीला
II. घिसाई

**(खण्ड- घ)**

प्रश्न-11 अपने विद्यालय के प्राचार्य को अस्वस्थ होने के कारण अवकाश हेतु, प्रार्थना पत्र लिखिए। - 5

अथवा

तुम्हारी कोई प्रिय चीज़ खो गई है। इस संबन्ध में स्कूल के बोर्ड पर लगाने के लिये एक नोटिस तैयार करो जिसमें निम्नलिखित बिंदु हों-

- खोई हुई चीज़
- कहाँ खोई
- मिल जाने पर कहाँ लौटाई जाए?
- नोटिस लगाने वाले/ वाली का नाम और कक्षा

प्रश्न-12 निम्नलिखिति में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए। 5

1. नए विद्यालय में पहला दिन

संकेत बिंदु-

- विद्यालय में पहला दिन
- प्रथम दिन की अनुभूति
- विद्यालय की स्थिति
- उपसंहार

1. शिष्टाचार

संकेत बिंदु-

- शिष्टाचार क्या है?
- छात्र जीवन में शिष्टाचार
- शिष्टाचार की प्रथम पाठशाला परिवार
- भावी नागरिक के रूप में

2. अनुशासन

संकेत बिंदु-

- अनुशासन का महत्त्व
- अनुशासन की आवश्यकता
- उन्नति में सहायक
- उपसंहार